>

Title : Reported death of 25 people due to collapse of Sheetal Fabrics Factory building in Jalandhar, Punjab.

श्री महिन्दर सिंह केपी (जालंधर): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका बड़ा आभारी हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र जालंधर में पिछले दिनों 14 और 15 की रात को एक घटना घटित हुई। वहां एक फैक्ट्री में कम से कम चार सौ आदमी काम कर रहे थे, वह फैक्ट्री अचानक गिर गई और उसके नीचे बहुत सारे मजदूर दब कर मर गए। तकरीबन 25 वर्कर्स का अभी तक पता चला है, जो उस घटना में मारे गए हैं और डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को उस हादसे में चोटें लगी हैं। यह एक बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, वहां इतने लोग मारे गए हैं और वहां का जो डिजास्टर मैनेजमेंट है, वह बहुत कमजोर है। इस घटना को घटित हुए तकरीबन 11 दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक वहां जो मलवा पड़ा हुआ है, वह साफ नहीं हो सका। मेरी इस सदन के मार्फत माननीय प्रधानमंत्री जी से गुज़ारिश है, मांग है कि जो लोग मारे गये हैं, उनमें ज्यादा लोग बिहार और झारखण्ड के हैं, जो प्रवासी लोग पंजाब में आकर काम करते हैं। उनकी जो मृत्यु हुई है, उसके लिए प्रधानमंत्री रिलीफ फंड से उनकी मैक्सीमम मदद की जाये और आने वाले दिनों में, क्योंकि, यह जो सेसमिक जोन है, जिसमें पंजाब, दिल्ली और सारा एरिया आता है, अगर कोई ऐसी घटना भूकम्प से होती है तो उससे पता चलता है कि हमारा डिजास्टर मैनेजमेंट प्रोपर नहीं है। इसको चुस्त करने के लिए भारत सरकार को कदम उठाने चाहिए, ताकि उन लोगों को राहत मिल सके।